# इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स की स्थापना के लिए एसपीवी के गठन को मंजूरी

लखनऊ। भारत सरकार की अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना (एकेआईसी) से आगरा और प्रयागराज की तस्वीर बदल जाएगी। इसके तहत दोनों जिलों में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स की स्थापना की

फैसला 16

जाएगी। कैबिनेट ने मंगलवार को इस बाबत स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) के गठन को मंजूरी दे दी। औद्योगिक विकास के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने बताया कि एकेआईसी के तहत प्रयागराज और आगरा में एक-एक इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार, यूपीसीडा और केंद्र सरकार की संस्था नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्प्लीमेंटेशन ट्रस्ट द्वारा एसपीवी का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एकेआईसी का 60 फीसदी हिस्सा यूपी से गुजरता है। यहां ये हिस्सा आगरा और प्रयागराज से गुजर रहा है। आगरा में 1058 हेक्टेयर जमीन और प्रयागराज में 1138 एकड़ जमीन पर इंडस्ट्रियल नोड की स्थापना की जाएगी। ब्यूरो